# Ch 7

प्रश्न 1. चित्र देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(1) माता रसोईघर में क्या कर रही है?

- माता रसोईघर में रसोई बना रही हैं।

(2) दादीमा क्या कर रही है?

- दादीमा हाथ में पुस्तक लेकर कुछ पढ़ रही हैं।

(3) लड़का क्या कर रहा है?

- लड़का खाना खा रहा है।

(4) रसोईघर में कौन-कौन-से बर्तन है?

- रसोईघर में मटका, थालियां, डिब्बा, चम्मच, डलिया, जार, कूकर, गिलास, केतली आदि बर्तन हैं।

( 5) टोकरी में कौन-सी सब्जियां और कौन-से फल है?

- टोकरी में आलू, लौकी, भिंडी, फूलगोभी आदि सब्जियां और अंगूर, सेब, आदि फल हैं।

(6) खिड़की से बाहर क्या दिखाई दे रहा है?

- खिड़की से बाहर बादल दिखाई दे रहा है।

(7) अलमारी के डिब्बों में क्या-क्या है?

- अलमारी के डिब्बों में अचार, तेल, दाल और मिर्च- मसाले हैं।

(8) आपके रसोईघर में क्या-क्या है, जो इस रसोईघर में नहीं है?

- हमारे रसोईघर में स्टेन्डिंग किचन का प्लेटफार्म, पानी का नल, छलनी और अक्वागार्ड है जो इस रसोईघर में नहीं हैं।

(9) माता कहाँ बैठी है?

- माता गैस के चूल्हे के पास बैठी है।

प्रश्न 2. चित्र पहचानकर नाम लिखिए और क्या पसंद है, क्या नहीं, उसके सामने 'V' या 'X' निशान कीजिए:

| चीज का चित्र | नाम लिखो | मजे से खाएंगे | खाना पड़ेगा | बिलकुल नहीं खाएंगे |
|---|---|---|---|---|
|  | करेला | | X | |
|  | सेब | V | | |
|  | आम | V | | |
|  | जलेबी | V | | |
|  | आइसक्रीम | V | | |

प्रश्न 3. तुमने अपने रसोईघर में माँ या पिताजी को खाना पकाते हुए देखा होगा। जरा बताओ तो, कैसे बनता है -

(1) बेसन से पकौडा= तलकर


(2) गेहूँ से रोटी= सेंककर

(3) दूध से चाय= उबालकर

प्रश्न 4. चित्र में माँ को खाना बनाते हुए दिखाया गया है। क्या खाना बनाना केवल माँ का ही काम है? नहीं, तो बताओ और कौन-कौन खाना बना सकते हैं?

➢ खाना बनाना केवल माँ का ही काम नहीं है। पिताजी, भाई, भाभी, मैं और बहन भी खाना बना सकते हैं।

प्रश्न 5. नीचे दिए गए चित्र देखकर कहानी लिखिए :



एकता में बल है!

कमालपुर नामक एक गाँव था। उसमें एक बूढ़ा किसान रहता था। उनका नाम रामूचाचा था। रामूचाचा खेती करते थे। उनके दो बेटे थे। दोनों आपस में झगड़ते रहते थे। रामूचाचा यह देखकर बहुत चिंतित थे। उन्होंने अपने बेटों को बहुत समझाया, पर उन पर इसका कोई असर नहीं हुआ।एक दिन रामूचाचा को इस समस्या का एक उपाय सूझा। उन्होंने अपने दोनों बेटों को बुलाया। बड़े बेटे को लकड़ियों का एक गट्ठर लाने के लिए

कहा।रामूचाचा ने दोनों को गट्ठर खोलकर एक-एक लकड़ी तोड़ने के लिए कहा। दोनों लड़कों ने बड़ी आसानी से एक-एक लकड़ी तोड़ डाली। अब दोनों बेटों को लकड़ियों का गट्ठर बारी-बारी से तोड़ने को कहा । दोनों लडकों ने खुब ताकत लगाई पर वे लकड़ियों का गठर नहीं तोड़ सके।रामूचाचा ने उन्हें सीख देते हुए कहा - 'तुम दोनों मिल-जुलकर रहोगे तो मजबूत बनोगे, और लड़ते रहोगे तो कमजोर बनोगे। उसी दिन से दोनों भाई मिल जुलकर रहने लगे। रामूचाचा की ख़ुशी का ठिकाना न रहा।

कहानी के प्रश्नोत्तर

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए:

(1) रामूचाचा कहां रहते थे?

➢ रामूचाचा कमालपुर नामक गाँव में रहते थे।

(2) रामूचाचा क्या करते थे?

➢ रामूचाचा खेती करते थे।

(3) रामूचाचा के कितने बेटे थे?

➢ रामूचाचा के दो बेटे थे।

(4) रामूचाचा को किसकी चिंता थी ?

➢ रामूचाचा को अपने झगड़ते हुए दोनों बेटों की चिंता थी।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) रामूचाचा ने लकड़ियों का गट्ठर क्यों मंगवाया?

➢ रामूचाचा ने आपस में झगड़ते हुए दोनों बेटों को समझाने के लिए लकड़ियों का गट्ठर मंगवाया।

(2) रामूचाचा के बेटे लकड़ियों का गट्ठर क्यों नहीं तोड़ सके?

➢ गट्ठर में लकड़िया मिली हुई थीं। इसलिए वे नहीं तोड़ सके।

(3) एक-एक लकड़ी तोड़ने से क्यों टूट गई ?

➢ अलग होने से ताकत कम हो जाती है। इसलिए एक-एक लकड़ी तोड़ने से टूट गई।

प्रश्न 3. घटनाओं को समाने सही क्रम मे लिखिए:

घटना

. दोनों बेटे लकड़ियों को अलग-अलग करके तोड़ सके।

• रामूचाचा को चिंता होती थी।

• रामूचाचा ने बड़े बेटे से लकड़ियों का गट्ठर मंगवाया।

- उन्हें एक-एक लकड़ी तोड़ने को कहा।
- उनके बेटे आपस में झगड़ते थे।
- कमालपुर में रामूचाचा रहते थे।
- एक दिन उन्होंने बेटों को बुलाया।
- दोनों बेटे मिल-जुलकर रहने लगे।
- लड़कों से गट्ठर खोलने को कहा।
- गट्ठर लड़को को तोड़ने के लिए कहा।
- दोनों बेटे गट्ठर नहीं तोड़ सके।

- • कमालपुर में रामूचाचा रहते थे।
- • उनके बेटे आपस में झगड़ते थे।
- • रामूचाचा को चिंता होती थी।
- • एक दिन उन्होंने बेटों को बुलाया।
- • रामूचाचा ने बड़े बेटे से लकड़ियों का गट्ठर मंगवाया।
- • लड़कों से गट्ठर खोलने को कहा।
- • उन्हें एक-एक लकड़ी तोड़ने को कहा।
- . दोनों बेटे लकड़ियों को अलग-अलग करके तोड़ सके।
- • गट्ठर लड़को को तोड़ने के लिए कहा।
- • दोनों बेटे गट्ठर नहीं तोड़ सके।
- • दोनों बेटे मिल-जुलकर रहने लगे।

प्रश्न 4. दोनों चित्र ध्यान से देखिए । चित्र में दस अंतर है, उन्हें ढूंढकर लिखिए और चित्र में मनचाहा रंग भरिए :

चित्र 1



चित्र 2



| क्रम | चित्र 1 में | चित्र 2 में |
| --- | --- | --- |
| 1 | I) जोकर के सिर के पास एक पीला गोला है। | (1) जोकर के सिर के आसपास दो पीले गोले हैं। |
| 2 | (2) जोकर के सिर की बाई ओर लाल गोला है। | (2) जोकर के सिर की दाहिनी ओर लाल गोलाहै। |
| 3 | (3) जोकर के पेट के ऊपर तीन साल गोले हैं। | ( 3) जोकर के पेट के ऊपर चार लाल गोले हैं। |
| 4 | (4) जोकर के पेट के ऊपर नीला गोला है। | ( 4) जोकर के पेट के ऊपर नीला गोला नहीं है। |
| 5 | (5) जोकर की पेन्ट के ऊपर दोनों ओर लाल जैकेट है। | (5) जोकर की पेन्ट के ऊपर दाहिनी पकिट नीले रंग के हैं। |
| 6 | (6) दोनों जूते नीले रंग के हैं। | (6) दोनों जूते लाल रंग के हैं। |
| 7 | (7) जूतों के तलवे लाल रंग के हैं। | (7) जूतों के तलवे लाल रंग के हैं। |
| 8 | (8) पहिया लाल रंग का है। | (8) पहिया नीले रंग का है। |
| 9 | (9) टोपी लाल रंग की है। | ( 9 ) टोपी नीले रंग की है। |
| 10 | (10) टोपी में काला गोला दिखता है। | (10) टोपी में सफेद गोला दिखता है। |
| 11 | (11) जोकर की कमर में हरा पट्टा है। | (11) जोकर की कमर में नीला पड़ा है। |
| 12 | (12) गले में लाल पट्टा है। | (12) गले में नीला पट्टा है। |
| 13 | (13) गले में पट्टे के ऊपर पांच नीले गोले हैं। | (13) गले में पट्टे के ऊपर पाँच लाल गोले हैं। |

प्रश्न 2. पढ़िए, समझिए और उदाहरण के अनुसार लिखिए।

उदा., लड़का - लड़का स्कूल जा रहा है।

लड़के - लड़के स्कूल जा रहे हैं।

- पुस्तक- मेरे पास एक पुस्तक है।
- पुस्तकें- तुम्हारे पास चार पुस्तकें हैं।

- कमरा- वह एक कमरा खाली है
- कमरे - में तीन कमरे खाली हैं। ।

- पंखा- एक पंखा चल रहा है।
- पंखे - तीन पंखे चल रहे हैं।